


# प्लैनेट न्यूज़ इंडिया

हर खबर सच के साथ

अलीगढ़,गुरुवार,26 जून2025 Follow us on:/ planetnewsindia@gmail.com


# पहाड़ पर बारिश का कहर

## हिमाचल में बादल फटे तो उत्तराखंड में भूस्खलन से तबाही



हिमाचल के कुल्लू और धर्मशाला जिलों में पांच जगह बादल फटने से आई बाढ़ में दो लोगों की मौत हो गई है और 11 लोग लापता हैं। आठ गाड़ियां, 10 पुलिया बह गई हैं और एक बिजली परियोजना को भी नुकसान पहुंचा है। उत्तराखंड में केदारनाथ धाम यात्रा मार्ग पर भारी भूस्खलन हुआ है। चीन सीमा जोड़ने वाली सड़क पर मलबा आने से यातायात ठप हो गया है।दक्षिण-पश्चिम मानसून पश्चिमी हिमालयी क्षेत्र में कहर बरपा रहा है। जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में जोरदार बारिश हो रही है। वहीं, दूसरी ओर दिल्ली और उत्तर प्रदेश में लोग अभी भी टकटकी लगाए मानसून की राह ताक रहे हैं। मौसम विभाग भी रोज मानसून के आने की भविष्यवाणी कर रहा है लेकिन बादल हैं कि बिन बरसे ही उड़ जा रहे। अब एक बार फिर मौसम विभाग ने संभावना जताई है कि आज दिल्ली और पूरे उत्तर प्रदेश में मानसून आ सकता है जिससे बारिश होगी और गर्मी से जूझते लोगों का इंतजार खत्म होगा। हिमाचल के कुल्लू और धर्मशाला जिलों में पांच जगह बादल फटने से आई बाढ़ में दो लोगों की मौत हो गई है और 11 लोग लापता हैं। आठ गाड़ियां, 10 पुलिया बह गई हैं और एक बिजली परियोजना को भी नुकसान पहुंचा है। उत्तराखंड में केदारनाथ धाम यात्रा मार्ग पर भारी भूस्खलन हुआ है। चीन सीमा जोड़ने वाली सड़क पर मलबा आने से यातायात ठप हो गया है। जम्मू के कटड़ा में माता वैष्णो देवी धाम यात्रा मार्ग पर हिमकोटी में मलबा गिरने से यातायात 10 घंटे बंद रहा।

# ICMR: महामारी से निपटने की तैयारी



रामबाण अपनी तरह की पहली रैपिड एक्शन मोबाइल बीएसएल-3 लेबोरेट्रीज है, जिसे पूरी तरह से स्वदेश में ही बनाया गया है। इसे कहीं भी तैनात किया जा सकता है।भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद (ICMR) ने दो और मोबाइल बीएसएल-3 लेबोरेट्रीज की खरीद प्रक्रिया शुरू कर दी है। किसी भी महामारी से निपटने के लिए और सार्वजनिक स्वास्थ्य को बेहतर करने के लिहाज से यह अहम कदम है। खासकर दूर-दराज के इलाकों में ये मोबाइल बीएसएल-3 लेबोरेट्रीज काफी कारगर हैं। रामबाण नाम की दो मोबाइल बीएसएल लेबोरेट्रीज फिलहाल आईसीएमआर द्वारा संचालित की जा रही हैं। मौजूदा मोबाइल बीएसएल-3 लेबोरेट्रीज में से एक पुणे के राष्ट्रीय विषाणु संस्थान में संचालित हो रही है और दूसरी उत्तर प्रदेश को गोरखपुर में स्थित आरएमआरसी अस्पताल में। रामबाण अपनी तरह की पहली रैपिड एक्शन मोबाइल बीएसएल-3 लेबोरेट्रीज है, जिसे पूरी तरह से स्वदेश में ही बनाया गया है। इसे कहीं भी तैनात किया जा सकता है और इसे इस तरह से डिजाइन किया गया है कि यह किसी भी महामारी या खतरनाक बीमारी के फैलने की स्थिति में जरूरी नैदानिक परीक्षण (डायग्नोस्टिक टेस्ट) करने में सक्षम है। यह आईसीएमआर की योजना है, जिसे प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत स्वास्थ्य ढांचा मिशन और स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के संरक्षण में मुंबई

# तकनीकी दिक्कत को दूर करने का काम जारी'



ब्रिटेन की रॉयल नेवी का एफ-35बी लड़ाकू विमान पिछले 10 दिनों से केरल के तिरुवनंतपुरम हवाई अड्डे पर फंसा हुआ है। ब्रिटिश उच्चायोग के प्रवक्ता ने कहा कि विमान को जल्द ठीक करने के लिए लगातार काम किया जा रहा है। इसे ठीक करने के लिए ब्रिटेन से विशेषज्ञ इंजीनियरों को बुलाया जाएगा। तब तक विमान को हैंगर में रखा जाएगा। ब्रिटेन की रॉयल नेवी का एफ-35बी लड़ाकू विमान पिछले 10 दिनों से केरल के तिरुवनंतपुरम हवाई अड्डे पर फंसा हुआ है। ब्रिटिश अधिकारियों ने बुधवार को बताया कि विमान में आई तकनीकी दिक्कत को दूर करने के प्रयास किए जा रहे हैं। ब्रिटेन की रॉयल नेवी का एफ-35बी लड़ाकू विमान पिछले 10 दिनों से केरल के तिरुवनंतपुरम हवाई अड्डे पर फंसा हुआ है। ब्रिटिश अधिकारियों ने बुधवार को बताया कि विमान में आई तकनीकी दिक्कत को दूर करने के प्रयास किए जा रहे हैं।इस लड़ाकू विमान की कीमत 110 मिलियन अमेरिकी डॉलर है और यह दुनिया के सबसे उन्नत लड़ाकू विमानों में से एक है। 14 जून को तकनीकी समस्या के कारण विमान की तिरुवनंतपुरम हवाई अड्डे पर आपात लैंडिंग कराई गई थी। यह विमान ब्रिटेन की रॉयल नेवी के युद्धपोत एचएमएस प्रिंस ऑफ वेल्स कैरियर स्ट्राइक ग्रुप का हिस्सा है। ब्रिटिश उच्चायोग के प्रवक्ता ने कहा, 'हम तिरुवनंतपुरम अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर खड़े ब्रिटेन के एफ-35बी विमान को जल्दी ठीक करने के लिए लगातार काम कर रहे हैं और इसके लिए भारतीय अधिकारियों का सहयोग सराहनीय है।'उच्चायोग ने कहा कि विमान को खराब मौसम की वजह से वापस एचएमएस प्रिंस ऑफ वेल्स पर नहीं ले जाया सका है। सुरक्षा के लिहाज से उसे तिरुवनंतपुरम हवाई अड्डे पर उतारा गया। बाद में जब विमान जमीन पर था, तब उसमें तकनीकी खराबी आ गई, इसलिए उसे दोबारा जहाज पर नहीं ले जाया जा सका। एचएमएस प्रिंस ऑफ वेल्स के इंजीनियरों ने विमान की जांच की और तय किया कि इसे ठीक करने के लिए ब्रिटेन से विशेषज्ञ इंजीनियरों को बुलाना पड़ेगा। मामले से परिचित लोगों के मुताबिक, विमान को जल्दी ठीक करने और हवाई अड्डे के सामान्य कामकाज में कोई रुकावट न हो, इसलिए ब्रिटेन से आने वाले उपकरण और इंजीनियरों के पहुंचने के बाद इसे हवाई अड्डे के एक सुरक्षित हैंगर में ले जाया जाएगा। भारतीय वायु सेना ने भी कहा है कि वह इस विमान की मरम्मत और वापसी के लिए पूरी मदद दे रही है। एचएमएस प्रिंस ऑफ वेल्स कैरियर स्ट्राइक ग्रुप ने इस महीने की शुरुआत में भारतीय नौसेना के साथ एक सैन्य अभ्यास किया था। जिसमें यह विमान शामिल हुआ था। एफ-35बी विमान की खासियत यह है कि यह बहुत कम जगह से उड़ान भर सकता है और सीधा नीचे उतर सकता है, जिससे यह छोटे जहाजों और अस्थायी ठिकानों से भी उड़ान भर सकता है। ब्रिटेन में इसे 'लाइटनिंग' कहा जाता है।

# Axiom-4




## पृथ्वी से आईएसएस की दूरी 403 किमी तो फिर पहुंचने में इतना समय क्यों, राह में कौन सी चुनौतियां, जानें

आईएसएस के साथ यान की डॉकिंग बहुत ही सटीक और जटिल प्रक्रिया है। अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष केंद्र (आईएसएस) की पृथ्वी से करीब 403 किमी की ऊंचाई पर है। आईएसएस 27,800 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से धरती का चक्कर लगाता है। यानी आईएसएस 90 मिनट में धरती का एक चक्कर लगाता है।पृथ्वी से अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) की दूरी करीब 403 किलोमीटर है लेकिन ड्रैगन यान को इस दूरी को तय करने के लिए करीब 28.5 घंटे लग जाएंगे। इतनी कम दूरी को तय करने में इतना समय इस वजह से लगेगा क्योंकि यान को पृथ्वी के गुरुत्वाकर्षण से बचने और सही कक्षा में प्रवेश करने के लिए बहुत अधिक गति और ऊर्जा की आवश्यकता होगी और साथ ही आईएसएस के साथ यान की डॉकिंग बहुत ही सटीक और जटिल प्रक्रिया है। अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष केंद्र (आईएसएस) की पृथ्वी से करीब 403 किमी की ऊंचाई पर है। आईएसएस 27,800 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से धरती का चक्कर लगाता है। यानी आईएसएस 90 मिनट में धरती का एक चक्कर लगाता है।

# Indian Railways



महिला लोको पायलटों की खराब कार्य स्थितियों के खिलाफ अखिल भारतीय लोको रनिंग स्टाफ एसोसिएशन ने आवाज तेज कर दी है। बीते 24 जून को तमिलनाडु के एरोड में हुए सम्मेलन में महिला कर्मचारियों की 9 प्रमुख मांगें रखी गईं, जिनमें ड्यूटी के दौरान शौचालय, गर्भावस्था में छुट्टी, बेहतर आरामगाह और रेलवे अस्पतालों में महिला डॉक्टर की तैनाती शामिल हैं।ट्रेनों में महिला लोको पायलटों के लिए बेहतर और साफ-सुथरा कार्यस्थल की मांग लगातार से तेज हो रही है। इसके लिए अखिल भारतीय लोको रनिंग स्टाफ एसोसिएशन (एआईएलआरएसए) ने विरोध तेज करने का फैसला किया है। उन्होंने महिलाओं के लिए राष्ट्रीय सम्मेलन बुलाने की घोषणा की है। साथ ही एसोसिएशन ने नौ

# Aaj Ka Rashifal 26 June

## सिंह, कन्या और तुला राशि वालों को मिल सकते हैं अच्छे अवसर, जानें आज का राशिफल

26 June Rashifal: आचार्य मानस शर्मा से जानिए चंद्र राशि पर आधारित मेष, वृषभ, मिथुन, कर्क, सिंह, कन्या, तुला, वृश्चिक, धनु, मकर, कुंभ और मीन राशि वालों के लिए 26 जून 2025 का राशिफल।



### मेष

आज का दिन आपके लिए अनुकूल रहने वाला है। आपको घर परिवार में बड़ों की बातों पर पूरा ध्यान देना होगा। आप किसी नए घर मकान आदि भी खरीदारी कर सकते हैं। आपकी सेहत में कोई पुरानी समस्याओं उभर सकती है, जिसको लेकर आप लापरवाही कर रहे थे। कार्यक्षेत्र में आपको अपने कामों पर पूरा ध्यान देना होगा, क्योंकि आपसे कोई गड़बड़ी हो सकती है और शत्रु भी आपको परेशान करने की कोशिश करेंगे। आप जीवनसाथी से काम को लेकर कोई बातचीत कर सकते हैं।

### वृषभ

आज का दिन आपके लिए मौज-मस्ती भरा रहने वाला है। परिवार के सदस्यों के साथ आप कहीं घूमने फिरने की प्लानिंग कर सकते हैं, जिससे रक्त संबंधी रिश्तों में भी मजबूती आएगी। आपके बॉस से आपके रिश्ते बेहतर रहेंगे, लेकिन आस पड़ोस में कोई वाद विवाद की स्थिति उत्पन्न हो सकती है, जिसमें आपको चुप रहना बेहतर रहेगा। सरकारी क्षेत्रों में कार्यरत लोगों को अपने कामों पर पूरा ध्यान देना होगा। यदि आप किसी काम को लेकर परेशान चल रहे हैं, तो आपका वह काम भी पूरा हो सकता है।

### मिथुन

आज का दिन आपके लिए सुखमय रहने वाला है। आप किसी नए काम की शुरुआत कर सकते हैं, जो आपके लिए अच्छी रहेगी। आपको अपने परिवार में सदस्यों की जरूरतों पर पूरा ध्यान देने की आवश्यकता है। भगवान की भक्ति में आपका खूब मन लगेगा, लेकिन आप किसी से धन उधार लेने से बचें। आपको अपनी मेहनत पर भरोसा रखकर आगे बढ़ना होगा। आपकी कुछ नई कोशिशे रंग लाएगी। संतान की संगति पर आप विशेष ध्यान दें।

### कर्क

आज का दिन आपके लिए शीघ्रता और भावुकता में कोई निर्णय लेने से बचने के लिए रहेगा। आपका धन यदि कहीं फंसा हुआ था, तो वह आपको मिल सकता है। पारिवारिक जीवन में चल रही समस्याओं से आपको राहत मिलेगी। आपको अपने कामों को लेकर धैर्य व संयम बनाए रखना होगा। जीवनसाथी के साथ आप कुछ रोमांटिक समय व्यतीत करेंगे। आपको किसी पुरानी गलतियों से सबक लेना होगा। माता-पिता के आशीर्वाद से आपका कोई रुका हुआ काम पूरा होगा। संतान आपकी उम्मीदों पर खरी उतरेगी।

### सिंह

आज का दिन आपके लिए किसी जोखिम भरे काम को कर करने से बचने के लिए रहेगा। आप अपने खर्चों को कंट्रोल करने की कोशिश करें। आपकी रचनात्मक क्षमता बढ़ेगी। दोस्तों के साथ आपकी खूब पटेगी। आपको किसी काम को लेकर जल्दबाजी नहीं दिखानी है। जीवनसाथी को किसी नई नौकरी की प्राप्ति हो सकती है। आप यदि कोई लोन के लिए अप्लाई कर रहे थे, तो वह आप ले सकते हैं। आप अपने किसी मित्र की मदद के लिए आगे आएंगे। घूमने-फिरने के दौरान आपको कोई महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त होगी।

### कन्या

आज का दिन आपके लिए किसी नए काम की शुरुआत करने के लिए अच्छा रहेगा। पारिवारिक जीवन में आपको आपसी सामंजस्य बनाए रखना होगा। माता-पिता का आपको भरपूर सहयोग मिलेगा। आप किसी लंबे समय से रुके हुए काम को लेकर यदि परेशान थे, वह पूरा हो सकता है। आप अपनी सेहत पर पूरा ध्यान दें। यदि आपने किसी को धन उधार दिया था, तो उसके भी आपको वापस मिलने की पूरी संभावना है। प्रॉपर्टी की कोई डील यदि अटकी हुई थी, वह भी फाइनल हो सकती है

### तुला

आज का दिन आपके लिए खुशियां लेकर आने वाला है। आप किसी मांगलिक उत्सव में सम्मिलित हो सकते हैं। आप किसी यात्रा पर जाने की तैयारी कर रहे थे, तो उसमें आपको माता-पिता से आशीर्वाद लेकर जाना बेहतर रहेगा। आपको किसी काम में यदि कोई समस्या आ रही थी, तो वह भी दूर होगी। धन-धान्य में वृद्धि होने से आपकी खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा। कार्यक्षेत्र में आपको कोई सरप्राइज गिफ्ट मिल सकता है। आपके कुछ नए विरोधी भी उत्पन्न हो सकते हैं।

### वृश्चिक

आज का दिन आपके लिए मान-सम्मान में वृद्धि लेकर आने वाला है। राजनीति में कार्यरत लोगों को थोड़ा ध्यान देने की आवश्यकता है। आर्थिक मामलों में आपको थोड़ा ध्यान देना होगा। आप अपने खर्चों को कंट्रोल करने की कोशिश करें। आप किसी दूसरे के मामले में बेवजह ना बोले। कार्यक्षेत्र में आपका काम को लेकर मन परेशान रहेगा। परिवार में किसी सदस्य के विवाह में आ रही बाधा दूर होगी। आपके बॉस आपके कामों को लेकर आपका प्रमोशन कर सकते हैं।

### धनु

आज का दिन आपके लिए लंबे समय से चली आ रही समस्याओं से छुटकारा दिलाने वाला रहेगा। सरकारी कामों में आपको अच्छी सफलता मिलेगी। आपकी आय के सोर्स बढ़ेंगे, जो आपको खुशी देंगे। आप किसी धार्मिक यात्रा पर जाने की प्लानिंग कर सकते हैं। घूमने फिरने के दौरान आपको कोई महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त होगी। विद्यार्थियों के उच्च शिक्षा के मार्ग प्रशस्थ होंगे। सरकारी योजनाओं का आपको पूरा लाभ मिलेगा। आपको किसी विरोधी की बातों में आने से बचना होगा।

### मकर

आज का दिन आपके लिए मेहनत से काम करने के लिए रहेगा। कार्यक्षेत्र में कामो में आपको अच्छी सफलता मिलेगी। आप कोई फैसला अत्यधिक लाभ के चक्कर में न ले, नहीं तो बाद में आपको उसका नुकसान हो सकता है। आपकी दान धर्म के कामों में भी काफी रुचि रहेगी। आपकी कोई पुरानी गलती से पर्दा उठ सकता है, जो जातक नौकरी की तलाश में परेशान चल रहे हैं, उन्हें कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती है। आपके कोई मन की इच्छा पूरी हो सकती है।

### कुंभ

आज का दिन आपके लिए सामान्य रहने वाला है। आप अपनी वाणी पर संयम रखें और किसी से कोई भी अहंकार भरी बात ना करें। आप अपने पिताजी से किसी चीज को लेकर जिद कर सकते हैं। आप अपने मन मनमौजी स्वभाव के कारण परेशान रहेंगे। विद्यार्थियों को बौद्धिक व मानसिक बोझ से छुटकारा मिलेगा। आप मनपसंद भोजन का आनंद लेंगे, जिसके लिए किसी काम को लेकर आप कोई पार्टनरशिप करने की सोच सकते हैं। आप संतान की किसी फरमाइश पर नए वाहन को लेकर आ सकते हैं।

### मीन

आज का दिन आपके लिए तनावग्रस्त रहने वाला है। पारिवारिक समस्याएं आपको परेशान करेगी। आपके भाई बहनों से आपकी किसी बात को लेकर बहसबाजी हो सकती हैं। आप किसी यात्रा पर जा रहे थे, तो सब कुछ समय के लिए स्थगित कर दें, क्योंकि कोई दुर्घटना होने की संभावना बनती दिख रही है। यदि कोई बिजनेस को लेकर समस्या थी, तो उसका लिए वरिष्ठ सदस्य आपको मार्गदर्शन दे सकते हैं। आपको अपनी शारीरिक समस्याओं को भी नजरअंदाज करने से बचना होगा।

आज 26 जून, गुरुवार का दिन है। आज के दिन शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि है। आज के दिन चंद्रमा मिथुन राशि में विराजमान हैं और सुनफा नाम का योग बन रहा है। इसके अलावा आर्द्रा और पुनर्वसु नक्षत्र के संयोग से ध्रुव योग का संयोग बन रहा है। ऐसे में आज के दिन कुछ राशि वालों को भाग्य का भरपूर साथ मिलेगा। लाभ के मौकों में वृद्धि होगा। नई योजनाएं कारगर रहेंगी। आइए जानते हैं आज के दिन सभी 12 राशियों के लिए दिन कैसे बीतेगा।राशिफल को निकालते समय ग्रह-नक्षत्र के साथ-साथ पंचांग की गणना का विश्लेषण किया जाता है। दैनिक राशिफल (Dainik Rashifal) ग्रह-नक्षत्र की चाल पर आधारित फलादेश है, जिसमें सभी राशियों (मेष, वृष, मिथुन, कर्क, सिंह, कन्या, तुला, वृश्चिक, धनु, मकर, कुंभ और मीन) का दैनिक भविष्यफल विस्तार से बताया जाता है। आज के राशिफल में आपके लिए नौकरी, व्यापार, लेन-देन, परिवार और मित्रों के साथ संबंध, सेहत और दिनभर में होने वाली शुभ-अशुभ घटनाओं का भविष्यफल होता है। इस राशिफल को पढ़कर आप अपनी दैनिक योजनाओं को सफल बनाने में कामयाब रहेंगे। जैसे दैनिक राशिफल ग्रह-नक्षत्र की चाल के आधार पर आपको यह बताएगा कि आज के दिन आपके सितारे आपके अनुकूल है या नहीं। आज आपको किन चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है या फिर किस तरह के अवसर आपको प्राप्त हो सकते हैं। दैनिक राशिफल को पढ़कर आप दोनों ही परिस्थिति (अवसर और चुनौतियों) के लिए तैयार हो सकते हैं।

# UP: घर में मिली परिवार के तीन लोगों की लाश,



**छह माह का बच्चा और बुजुर्ग महिला सुरक्षित; सुसाइड की आशंका** उत्तर प्रदेश के प्रतापगढ़ जिले से दर्दनाक घटना सामने आई है। एक घर में परिवार के तीन लोगों के शव मिलने से हड़कंप मच गया है। छह माह का बच्चा और बुजुर्ग महिला घर में सुरक्षित मिले हैं। सूचना मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंच गई है। जानकारी के अनुसार, लीलापुर थाना क्षेत्र के सगरा सुंदरपुर बाजार स्थित एक मकान में दुकानदार समेत तीन की संदिग्ध हालत में मौत हो गई। घर के अंदर कमरे में बेड पर तीनों के शव मिले हैं। मां, बेटा, पत्नी की मौत से कोहराम मच गया है। बीती रात परिवार के पांच लोग खाना खा कर सोए थे। छह माह का बच्चा और बुजुर्ग महिला घर में सुरक्षित मिले हैं। सुसाइड करने की आशंका जताई जा रही है। पुलिस मौके पर जांच में जुटी है। सुसाइड नोट नहीं मिला है। जो बुजुर्ग महिला बची है उसकी मानसिक हालत ठीक नहीं है। प्रथम दृष्टि जहर निगलने से तीनों की मौत की बात सामने आई है। पुलिस जांच में जुटी है।

# यूपी: अब परीक्षा पास करने वाले अफसर ही कर सकेंगे

**चुनावी ड्यूटी, फेल हो जाने वाले ईआरओ प्रक्रिया से होंगे बाहर प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में मतदाता सूची में संशोधन की जिम्मेदारी मुख्य रूप से ईआरओ की होती है। अब इन ईआरओ को एक परीक्षा पास करनी**



उत्तर प्रदेश में परीक्षा में फेल निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी (ईआरओ) चुनाव ड्यूटी से हटाए जाएंगे। अभी तक 403 में से 398 ईआरओ की परीक्षा हो चुकी है। उच्च पदस्थ सूत्रों के मुताबिक, इनमें से 3-4 फीसदी ईआरओ परीक्षा में फेल हो चुके हैं। इन्हें परीक्षा देने का एक और मौका मिलेगा। उसमें भी फेल हो गए तो इन्हें ईआरओ की जिम्मेदारी से हटाने के लिए रिपोर्ट चुनाव आयोग को भेजी जाएगी। प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में मतदाता सूची में संशोधन की जिम्मेदारी मुख्य रूप से ईआरओ की होती है। एसडीएम स्तर के अधिकारी ईआरओ बनाए जाते हैं। चुनाव आयोग के निर्देश पर इन अधिकारियों को पहली बार तीन अलग-अलग तिथियों 17 जून, 19 जून और 25 जून को ट्रेनिंग दी गई। इन तिथियों में क्रमश: 124, 130 और 144 ईआरओ ने ट्रेनिंग ली।प्रशिक्षण के दौरान ईआरओ को उनकी जिम्मेदारियों, बीएलओ और सुपरवाइजरों के साथ समन्वय, मतदाता सूची में नाम जोड़ने या घटाने के लिए आए दावे व आपत्तियों के निस्तारण के बारे में बताया जाता है।

# यूपी: प्रदेश में आज और कल नहीं होगी बारिश




यूपी में मानसून 26 और 27 जून को ठहरा हुआ रहेगा। इस दौरान धूप के साथ उमस का भी सामना करना पड़ सकता है। हालांकि 28 जून से एक बार फिर मौसम बदल जाएगा। उत्तर प्रदेश में फिलहाल दो दिन मानसूनी बारिश पूर्वांचल की बजाए पश्चिमी हिस्से में ज्यादा मेहरबान रहेगी। बृहस्पतिवार को पश्चिम के सात जिलों में भारी बारिश की संभावना है। वहीं पश्चिम व बुदेलखंड के 43 जिलों में गरज चमक और वज्रपात की आशंका जताई गई है। बुधवार को पूर्वी हिस्से में धूप-छांव के बीच सोनभद्र, वाराणसी, प्रतापगढ़, झांसी, ललितपुर, हमीरपुर, महोबा, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर आदि में हल्की से मध्यम बारिश देखने को मिली। कई इलाकों में छिटपुट बारिश होने के बाद उमस भरी गर्मी ने लोगों को परेशान किया। मौसम विभाग के मुताबिक 28 से 30 जून के बीच पूर्वी और पश्चिमी दोनों संभागों में अच्छी

**28 से मौसम लेगा यू-टर्न; इन जिलों में भारी बरसात की चेतावनी जारी :**

बारिश के संकेत हैं। आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र लखनऊ के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि 26 व 27 जून को पूर्वी यूपी में छिटपुट बूंदाबांदी हो सकती है। वहीं पश्चिमी यूपी में हल्की से मध्यम बारिश और गरज चमक के संकेत हैं। 28 से 30 जून के बीच पूर्वी और पश्चिमी दोनों संभागों में अच्छी बारिश के संकेत हैं।बांदा, चित्रकूट, कौशांबी, प्रयागराज, फतेहपुर, प्रतापगढ़, सोनभद्र, मिर्जापुर, चंदौली, वाराणसी, भदोही, जौनपुर, गाजीपुर,


# Rakhi Sawant: दिलजीत दोसांझ विवाद

**के बीच राखी सावंत ने की हानिया आमिर की तारीफ, यूजर्स हुए नाराज** फिल्म 'सरदार जी 3' में पाकिस्तानी अभिनेत्री को लिए जाने पर जहां विवाद हो रहा है वहीं राखी सावंत ने हानिया आमिर की तारीफ की है। इस पर कई जूयर्स ने नाराजगी जताई है। पंजाबी फिल्म 'सरदार जी 3' में पाकिस्तानी एक्ट्रेस हानिया आमिर को कास्ट करने को लेकर जहां दिलजीत दोसांझ की आलोचना हो रही है, तो वहीं एक्ट्रेस राखी सावंत ने हानिया आमिर की तारीफ की है। राखी सावंत ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर की और उन्होंने हानिया आमिर को 'स्वीटहार्ट' बताया। हालांकि राखी की पोस्ट से कई यूजर नाराज हैं। राखी सावंत ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया है जिसमें 'सरदार जी 3' का वीडियो है। वीडियो शेयर करते हुए राखी सावंत ने लिखा 'मुबारक हो मेरी स्वीटहार्ट हानिया आमिर। मैं बहुत खुश हूं। आखिरकार आप बॉलीवुड फिल्म में हो। मुबारक हो दिलजीत सरदार जी 3।'

एक दूसरी पोस्ट में राखी सावंत ने लोगों से अपील की है कि वह दिलजीत दोसांझ की फिल्म देखें। उन्होंने पोस्ट में लिखा 'हर किसी को ये फिल्म देखनी चाहिए। सरदार जी 3 से हानिया आमिर डेब्यू कर रही हैं। हर किसी को उनकी तारीफ करनी चाहिए। वह मेरी पसंदीदा हैं। मुबारक हो खुदा आपकी हिफाजत करे।'एक तरफ जहां पूरी बॉलीवुड फिल्म इंडस्ट्री इस वक्त दिलजीत दोसांझ के खिलाफ है, वहीं राखी सावंत उनका सपोर्ट [illegible]







# Rashmika Mandanna

**रश्मिका ने साउथ एक्टर धनुष के नाम साझा की पोस्ट, लिखा- भले ही आपके साथ पूरी फिल्म की हो...**



हाल ही में धनुष और रश्मिका मंदाना ने एक साउथ इंडियन फिल्म 'कुबेर' की है। फिल्म में दोनों के किरदार काफी संजीदा है। क्या सेट पर भी धनुष और रश्मिका का बिहेवियर एक-दूसरे के लिए ऐसा ही था। इस बात को लेकर रश्मिका मंदाना ने एक सोशल मीडिया पोस्ट धनुष के नाम पर लिखी है। रश्मिका मंदाना फिल्मों में जितना एक्टिव रहती हैं, उतना ही सोशल मीडिया पर भी एक्टिव रहती हैं। हाल ही में फिल्म 'कुबेर' के अपने को-एक्टर धनुष को लेकर रश्मिका मंदाना ने एक पोस्ट साझा की है। जिसमें उनके साथ काम करने के एक्सपीरियंस का जिक्र किया। रश्मिका मंदाना ने अपनी इंस्टाग्राम पोस्ट में धनुष के साथ एक फोटो शेयर की और एक लंबा सा कैप्शन भी लिखा है। वह लिखती हैं, 'भले ही मैंने आपके साथ पूरी फिल्म (कुबेर) की हो लेकिन मेरे पास आपकी यही एक फोटो है। यह पोस्ट में आपकी तारीफ में कर रही हूं। आप एक बेहतरीन इंसान हैं।

# सोनम कपूर ने 12 इंच लंबे बालों का किया दान



**Sonam Kapoor Donates Her Hair: हाल ही में बॉलीवुड अभिनेत्री सोनम कपूर ने एक वीडियो पोस्ट किया है, जिसमें उन्हें अपने बालों को दान करते देखा जा सकता है। इसके लिए उन्होंने अपने पिता अनिल कपूर का धन्यवाद किया।** अभिनेत्री सोनम कपूर अक्सर सोशल मीडिया पर किसी ना किसी वजह से चर्चा में रहती हैं। इस बार एक्ट्रेस ने अपने बालों को कटवाया है और एक अनोखा कदम उठाते हुए उन बालों को दान किया, जिस कारण से उनकी तारीफ हो रही है। अभिनेत्री ने अपने लंबे बालों के लिए पिता अनिल कपूर का शुक्रिया अदा किया, जिसका वीडियो भी उन्होंने सोशल मीडिया पर साझा किया। आइए जानते हैं पूरी बात। सोमवार को सोनम कपूर ने अपने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो साझा किया, जिसमें उन्हें सैलून में अपने बालों को छोटा करवाते हुए देखा जा सकता है। वीडियो में उन्हें मुस्कुराते हुए देखा जा रहा है। इस पोस्ट को शेयर करते अभिनेत्री ने बताया, 'मैंने अपने 12 इंच बाल कटवाए हैं। शायद वीडियो में यह छोटा लगे, लेकिन यह सच में एक फुट लंबा है।' इसके साथ ही उन्होंने कैप्शन में लिखा, 'मैंने अपने बालों को 12 इंच छोटा करवाने और दान करने का निर्णय लिया है। इतने खूबसूरत जींस के लिए धन्यवाद अनिल कपूर।'इस वीडियो के सामने आते ही नेटिजंस की ढेर सारी प्रतिक्रियाएं आ रही हैं, अभिनेत्री की तारीफ कर रहे हैं। एक यूजर ने कहा, 'सोनम, आपका नया हेयरकट आप पर बिल्कुल शानदार लग रहा है।' वहीं दूसरे यूजर ने लिखा कि बहुत ही सुंदर बाल। एक और यूजर ने बोला कि उन्होंने इतना बड़ा त्याग करते हुए अपना बाल दान किया,

# OTT Releases







**OTT RELEASES THIS WEEKEND: ओटीटी पर इस वीकेंड एक से बढ़कर एक फिल्में और सीरीज रिलीज हो रही हैं। कपिल शर्मा के शो से लेकर मुनव्वर फारूकी की फर्स्ट कॉपी तक, चलिए पूरी लिस्ट के बारे में आपको बताते हैं।** जून का तीसरा हफ्ता ओटीटी प्रेमियों के लिए जबरदस्त कंटेंट लेकर आया है। इस हफ्ते रोमांच, थ्रिलर, सस्पेंस और कॉमेडी का शानदार मेल देखने को मिलेगा। चाहे आप एक्शन के दीवाने हों या कॉमेडी से दिन बनाना चाहते हों, इस बार ओटीटी प्लेटफॉर्म्स पर हर मूड का मसाला मौजूद है। नेटफ्लिक्स, जी5, एमएक्स प्लेयर और जियो सिनेमा जैसे प्लेटफॉर्म्स पर इस हफ्ते कई दमदार रिलीज हुई हैं, जिनमें से कुछ का इंतजार लंबे वक्त से हो रहा था।इमरान हाशमी स्टारर 'ग्राउंड जीरो' सिनेमाघरों में रिलीज के बाद अब ओटीटी प्लेटफॉर्म जी5 पर आ चुकी है। ये फिल्म एक सच्ची घटना पर आधारित है और इसमें सेना के एक जवान की कहानी दिखाई गई है जो दुश्मनों के बीच अपने साहस और कर्तव्यनिष्ठा से एक बड़ी लड़ाई लड़ता है। जो लोग इसे बड़े पर्दे पर मिस कर चुके थे, उनके लिए यह एक बेहतरीन मौका है घर बैठे एक जबरदस्त थ्रिलर का मजा लेने का



# मंडे टेस्ट में फेल हुई 'कुबेर'





Dhanush Rashmika Mandanna Nagarjuna Movie: साउथ एक्टर धनुष की फिल्म 'कुबेर' की रिलीज को आज पूरे चार दिन हो चुके हैं। जानिए धनुष-रश्मिका मंदाना की फिल्म के चौथे दिन का कलेक्शन।फिल्म 'कुबेर' 20 जून, 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। फिल्म को आज रिलीज हुए पूरे चार दिन हो चुके हैं। फिल्म में रश्मिका मंदाना, धनुष और नागार्जुन ने मुख्य भूमिका निभाई है। जानिए फिल्म के चौथे दिन का कलेक्शन...sacnilk डॉट कॉम के अनुसार, साउथ फिल्म 'कुबेर' ने पहले दिन शुक्रवार को 14.75 करोड़ रुपये से बॉक्स ऑफिस पर अपना खाता खोला। वहीं फिल्म ने दूसरे दिन शनिवार को 16.5 करोड़ रुपये की कमाई की। 'कुबेर' ने तीसरे दिन रविवार को 17.35 करोड़ रुपये का कारोबार किया। वहीं आज चौथे दिन सोमवार का कलेक्शन भी सामने आ चुका है।फिल्म 'कुबेर' का आज सोमवार का कलेक्शन भी सामने आ चुका है। फिल्म ने आज चौथे दिन महज 4.38 करोड़ रुपये की कमाई की है, जो कि इस फिल्म की पहले की कमाई से काफी कम है। वहीं फिल्म ने अब तक कुल बॉक्स ऑफिस पर चार दिनों में 52.98 करोड़ रुपये का कलेक्शन कर लिया है।धनुष और रश्मिका मंदाना की फिल्म 'कुबेर' ने पहले वीकएंड पर काफी अच्छी कमाई की है। पहले शनिवार को फिल्म ने 16.5 करोड़ रुपये और पहले रविवार को फिल्म ने 17.35 करोड़ रुपये का कारोबार किया है। फिल्म अगर ऐसे ही कमाई करती रही तो बॉक्स ऑफिस पर अच्छा कलेक्शन कर सकती हैं।फिल्म 'कुबेर' का निर्देशन शेखर कम्मुला ने किया है। इस फिल्म में धनुष, रश्मिका मंदाना और नागार्जुन के अलावा जिम सर्भ और दिलीप ताहिल जैसे सितारे ने भी अहम भूमिकाएं निभाई हैं।

# BSE: नियामकीय नियमों के उल्लंघन

## पर सेबी ने बीएसई पर लगाया 25 लाख रुपये का जुर्माना, शेयर 1% से अधिक टूटे



गुरुवार को कारोबार की सपाट शुरुआत के बाद एनएसई पर बीएसई का शेयर का भाव 1.47 प्रतिशत गिरकर 2,748 रुपये पर आ गया। बाजार नियामक ने फरवरी 2021 और सितंबर 2022 के बीच किए गए निरीक्षण के बाद यह आदेश पारित किया।बाजार नियामक सेबी ने सभी हितधारकों को कॉर्पोरेट खुलासे तक समान पहुंच उपलब्ध कराने में विफल रहने और कारोबार के दौरान बार-बार सौदों में संशोधन करने वाले दलालों के खिलाफ कार्रवाई करने के आरोपों में बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज पर कार्रवाई की है। शेयर बाजार पर 25 लाख रुपये का जुर्माना लगाया जिसके बाद गुरुवार की सुबह बीएसई के शेयरों में एक प्रतिशत से अधिक की गिरावट आई।कारोबार की सपाट शुरुआत के बाद एनएसई पर शेयर का भाव 1.47 प्रतिशत गिरकर 2,748 रुपये पर आ गया। बाजार नियामक ने फरवरी 2021 और सितंबर 2022 के बीच किए गए निरीक्षण के बाद यह आदेश पारित किया। बुधवार को 45 पृष्ठों के आदेश में सेबी ने पाया कि बीएसई की प्रणाली संरचना ने उसके भुगतान करने वाले ग्राहकों और आंतरिक लिस्टिंग अनुपालन निगरानी (एलसीएम) टीम को कॉरपोरेट घोषणाओं तक पहुंचने की अनुमति दी। ऐसा इन जानकारियों को वेबसाइट के माध्यम से सार्वजनिक किए जाने के पहले ही किया गया। इससे मानदंडों का उल्लंघन हुआ।नियामक ने यह भी पाया कि डेटा प्रसार प्रक्रिया में सभी हितधारकों तक एक साथ और समान पहुंच सुनिश्चित करने के लिए सुरक्षा उपायों का अभाव है। ऐसा बाजार की अखंडता को बनाए रखने और अनुचित सूचना से होने वाले लाभ को रोकने के लिए महत्वपूर्ण है

# Asian Share Market

## ईरान-इस्राइल संघर्ष विराम के बाद एशियाई शेयर बाजार में तेजी, निक्केई और हैंगसेंग चढ़े

ईरान-इस्राइल संघर्ष विराम का असर एशियाई शेयर बाजार पर भी दिखा। एशिया के प्रमुख देशों के शेयर तेजी से चढ़े। तेल की कीमतों में भी कमी दर्ज की गई। जानिए शेयर बाजार का



ईरान-इस्राइल संघर्ष विराम के एलान के बाद एशियाई शेयर बाजार में तेजी आई। जापान का निक्केई और हांगकांग के हैंगसेंग में भी बढ़त दर्ज की गई। इसके अलावा अमेरिकी वायदा बाजार में भी तेजी दिखी। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोमवार रात को ईरान-इस्राइल के बीच संघर्ष विराम का एलान किया। इसके बाद अमेरिकी वायदा में तेजी आई। यहां एसएंडपी 500 और डॉव जोन्स इंडस्ट्रियल एवरेज के अनुबंधों में 0.5 फीसदी की वृद्धि हुई। जबकि एशियाई बाजार में जापान का निक्केई 225 एक फीसदी बढ़कर 38,756.00 पर और का हैंगसेंग 1.7 फीसदी बढ़कर 24,078.94 पर पहुंच गया। वहीं शंघाई कंपोजिट सूचकांक भी 0.9% बढ़कर 3,411.92 पर पहुंच गया। दक्षिण कोरिया में कोस्पी में भी बढ़त दिखी। यह 2.3 फीसदी बढ़कर 3,082.90 पर पहुंच गया। इसके अलावा ऑस्ट्रेलिया का एसएंडपी/एएसएक्स 200 0.9 फीसदी बढ़कर 8,551.40 पर पहुंच गया।इसके अलावा सोमवार को अमेरिकी शेयरों में भी तेजी रही। एसएंडपी 500 फीसदी बढ़कर 6,025.17 पर पहुंच गया। डॉव इंडस्ट्रियल्स 0.9 फीसदी बढ़कर 42,581.78 पर पहुंच गया। नैस्डैक कंपोजिट इंडेक्स 0.9 फीसदी बढ़कर 19,630.97 पर पहुंच

# Crude Oil

## ईरान-इस्राइल युद्ध में अमेरिका की एंट्री से सहमा कच्चे तेल का बाजार, शेयरों में आई गिरावट




भारत अपनी जरूरत का 85 प्रतिशत कच्चा तेल आयात करता है और अपनी जरूरत की आधी प्राकृतिक गैस भी आयात करता है। भारत का कच्चे तेल का 40 प्रतिशत से ज्यादा और प्राकृतिक गैस का आधा हिस्सा पश्चिम एशिया से ही आता है।ईरान इस्राइल युद्ध में अमेरिका की एंट्री से पश्चिम एशिया के हालात बेहद तनावपूर्ण हो गए हैं। इसका सीधा असर दुनियाभर में कच्चे तेल की कीमतों पर हुआ है। सोमवार को विभिन्न तेल कंपनियों के शेयरों में गिरावट देखी गई। तेल कंपनियों के साथ ही कच्चे तेल से जुड़ी अन्य सेक्टर जैसे तेल मार्केटिंग कंपनी, विमानन, पेंट्स और चिपकाने वाले पदार्थ आदि की कंपनियों के शेयरों में भी गिरावट आई है।भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड के शेयरों में सोमवार को 1.54 प्रतिशत की गिरावट आ चुकी है। साथ ही इंडियन ऑयल कोर्पोरेशन के शेयरों में 1.22 प्रतिशत और हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड के शेयरों में एक प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई है। विमानन कंपनी स्पाइसजेट के शेयर 2.47 प्रतिशत और इंटरग्लोब एविएशन के शेयर 2.24 प्रतिशत गिरे हैं। अमेरिका ने शनिवार देर रात ईरान के तीन प्रमुख परमाणु केंद्रों फोर्डो, नतांज और इस्फहान के ठिकानों पर बमबारी की। इस पर ईरान ने भी बदला लेने की बात कही है। ईरान को दुनिया के कई देशों का भी साथ मिल रहा है, जिनमें रूस और चीन प्रमुख हैं।

# ईरान-इस्राइल तनाव व ऊंची कीमतों के कारण सर्राफा बाजार में बढ़ रही सुस्ती



ईरान-इस्राइल और अमेरिका द्वारा युद्ध में प्रवेश करने और ट्रंप टैरिफ की समय सीमा समाप्त होने जैसे तमाम वैश्विक आर्थिक अनिश्चितताओं की वजह से घरेलू शेयर बाजार से लेकर कमोडिटी बाजार और सर्राफा बाजार तक में हलचल दिख रही है। ईरान-इस्राइल युद्ध की वजह से सोने-चांदी की कीमतें अपने उच्च स्तर पर बनी हुईं है। जिसकी वजह से इन धातुओं की खरीदारी के लिए बाजार में ग्राहकों का आना- जाना सीमित है।ईरान-इस्राइल और अमेरिका द्वारा युद्ध में प्रवेश करने और ट्रंप टैरिफ की समय सीमा समाप्त होने जैसे तमाम वैश्विक आर्थिक अनिश्चितताओं की वजह से घरेलू शेयर बाजार से लेकर कमोडिटी बाजार और सोने-चांदी तक में हलचल देखने को मिल रही है। ईरान-इस्राइल युद्ध की वजह से सोने-चांदी की कीमतें अपने उच्च स्तर पर बनी हुईं है। जिसकी वजह से सर्राफा बाजार में ग्राहकी नहीं है। उपभोक्ता सोने के गहनों की खरीदारी करने के बजाए पुराने सोने की रिसाइकलिंग कर रहे हैं, यानी पुराने सोने के आभूषण, सिक्के और बार को रिसाइकलिंग कर उसकी जगह नए आभूषण नहीं तो उसके एवज में नकद राशि को अपने पास रख रहे हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि अनिश्चितता के इस दौर में लोग सोना और कैश पर अधिक भरोसा कर रहे हैं।

# ब्रेंट क्रूड की कीमतों में तेज गिरावट



से कच्चे तेल के प्रति संवेदनशील शेयरों में उछाल, जानें क्या बदला ब्रेंट क्रूड की कीमतों में नरमी के बाद बीएसई पर हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड का शेयर 5.26 प्रतिशत, भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड का शेयर 4.59 प्रतिशत तथा इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन का शेयर 3.89 प्रतिशत चढ़ा। आइए जानते हैं, पश्चिम एशिया में तनाव की स्थिति के बीच भारतीय शेयर बाजार में पेट्रोलियम पदार्थों से जुड़े शेयरों कैसी हलचल है।मध्य पूर्व संघर्ष में संभावित कमी की उम्मीद के बीच ब्रेंट कच्चे तेल की कीमतों में तेज सुधार के बाद कच्चे तेल के प्रति संवेदनशील क्षेत्रों - तेल विपणन कंपनियों, विमानन, पेंट्स और एडहेसिव्स- के शेयरों में मंगलवार सुबह के कारोबार के दौरान खरीदारी दिखी। बीएसई पर हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड का शेयर 5.26 प्रतिशत, भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड का शेयर 4.59 प्रतिशत तथा इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन का शेयर 3.89 प्रतिशत चढ़ा।स्पाइसजेट के शेयरों में 5 प्रतिशत तथा इंटरग्लोब एविएशन के शेयरों में 4.15 प्रतिशत की बढ़त हुई। जियोजित इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के मुख्य निवेश रणनीतिकार वीके विजयकुमार ने कहा, "पश्चिम एशिया में नाटकीय घटनाक्रम,

# Trade: 9 जुलाई से पहले व्यापार




सौदे को अंतिम रूप देने की कोशिश में भारत-अमेरिका, टैरिफ की अब भी लटक रही तलवार भारत और अमेरिका 9 जुलाई से पहले एक अंतरिम व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने की कोशिश कर रहे हैं। अमेरिका की ओर से लगाए गए 26 फीसदी अतिरिक्त टैरिफ में छूट खत्म होने से पहले दोनों देश बातचीत में जुटे हैं। व्यापार सौदे में कृषि और डेयरी जैसे क्षेत्र चुनौतीपूर्ण हैं। भारत और अमेरिका के बीच एक अंतरिम व्यापार समझौते को लेकर बातचीत जारी है और दोनों देश इस समझौते को 9 जुलाई से पहले अंतिम रूप देने की कोशिश कर रहे हैं। सूत्रों के हवाले से सोमवार को यह जानकारी दी गई। अमेरिका ने 2 अप्रैल को भारत से आने वाले सामानों पर 26 फीसदी अतिरिक्त कर (टैरिफ) लगाने का एलान किया था, लेकिन ट्रंप प्रशासन ने इसे 90 दिनों के लिए टाल दिया था। हालांकि, 10 फीसदी का मूल टैक्स अभी भी लागू है। भारत चाहता है कि उसे इस 26 फीसदी अतिरिक्त कर से पूरी तरह छूट मिल जाए। जब पूछा गया कि क्या भारत और अमेरिका 9 जुलाई तक अंतरिम व्यापार समझौते को अंतिम रूप देना चाहते हैं, तो सूत्रों ने कहा, हम बहुत उत्सुक हैं। हम बातचीत कर रहे हैं और कोशिश कर रहे हैं। दोनों पक्ष कोशिश कर रहे हैं, लेकिन समझौता तभी होगा, जब दोनों पक्ष संतुष्ट हों। उन्होंने आगे कहा, हर व्यापार समझौते में कुछ क्षेत्र ऐसे होते हैं जिनमें समस्याएं होती हैं। एक सूत्र ने बताया, भारत के लिए कृषि और डेयरी क्षेत्र सबसे चुनौतीपूर्ण हैं। भारत ने अब तक अपने किसी भी मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) में डेयरी क्षेत्र को नहीं खोला है। अमेरिका चाहता है



BOOK YOUR ADVERTISEMENT
+91 7088120612




PAYOUT WALLET
Transform Your Vision into Reality – Grow Your Business Smarter with PlanetC Technology
GAMING
SALARY
UTILITY
WHY CHOOSE US?
Unleash The Potential
Convenience at Your Command
Personalized to Perfection
Unmatched Security
CONTACT NOW
PlanetC Technology
PlanetC Technology
WE'LL MAKE IT SIMPLE AND EASY TO USE
Username
Password
TRY IT NOW
MORE INFORMATION
www.pctpay.com
+91 7088120300

PLANET NEWS INDIA
हर खबर सच के साथ
PROMOTE YOUR BUSSINESS ON NEWS CHANNEL
Enquire today for best News Channel Ad Packages
Our Service:
Product Advertising
Service Advertising
Business Advertising
Contact Us
+91 7088120612
www.planetnewsindia.com
Follow on:




Book Your AD Here
ADS
+91 7088120612




PlanetC Technology
Digital Payment Instant Solution
WE ARE HIRING
FOR FIELD SALES & MARKETING
OPEN POSITION
Field sales executive
Field sales officer
Team leader
APPLY NOW
VACANCY
Send your CV to:
hr@planetctechnology.com
B-9, Gayatri Bhawan, Vikram Colony Ramghat Road Aligarh, Uttar Pradesh, 202001




PlanetC Technology
Digital Payment Instant Solution
Follow us on:
DIGITAL INDIA के ज़माने में
बढ़ाएं अपनी इनकम
MULTI RECHARGE SOFTWARE
के साथ...
साथ में मिलेगी ये सुविधाएं...
Mobile Recharge
DTH Recharge
Bill Payment
Pan Card
BBPS Service
Money Transfer
AEPS Cash Withdrawal
SPECIAL OFFER
Rs. 60,000
मात्र
Rs. 40,000
MORE INFORMATION
www.pctpay.com
+91 7088120900




Book Your AD Here
ADS
+91 7088120612

# Dilip Doshi vs Miandad

## ऐ तेला लूम नंबर क्या है?' जब जावेद मियांदाद के इस सवाल से परेशान हो गए थे दिलीप दोषी




दिलीप और मियांदाद के बीच मैदान में गजब की प्रतिद्वंद्विता रही। हालांकि, मियांदाद ने उनके खिलाफ खूब रन बनाए। दोनों की प्रतिद्वंद्विता की एक कहानी बेहद मशहूर है। भारत के दिग्गज बाएं हाथ के स्पिनर दिलीप दोषी का दिल का दौरा पड़ने से लंदन में 77 वर्ष की आयु में निधन हो गया। दोषी ने भारत के लिए 33 टेस्ट मैच और 15 वनडे मैच खेले। टेस्ट में उन्होंने 114 विकेट और वनडे में 22 विकेट हासिल किए। दिलीप को बेहद दिमागदार गेंदबाज माना जाता था। महान गैरी सोबर्स भी उनकी गेंदबाजी से प्रभावित थे। सुनील गावस्कर ने दोषी को हमेशा उच्चस्तरीय स्पिनर बताया।उन्होंने 32 साल की उम्र में 1979 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट डेब्यू किया था। इस मुकाबले में उन्होंने एक पारी में 103 रन देकर छह विकेट चटकाए। उन्होंने इस टेस्ट में कुल आठ विकेट लिए। वह देश के उन नौ गेंदबाजों में शामिल हैं, जिन्होंने अपने डेब्यू टेस्ट की एक पारी में पांच या उससे अधिक विकेट लिए। 1983 में क्रिकेट से संन्यास ले लिया था। प्रथम श्रेणी क्रिकेट में 898 विकेट चटकाए।दिलीप के संन्यास में पाकिस्तान के जावेद मियांदाद का अहम किरदार रहा। दोनों के बीच मैदान में गजब की प्रतिद्वंद्विता रही। हालांकि, मियांदाद ने उनके खिलाफ खूब रन बनाए। दोनों की प्रतिद्वंद्विता की एक कहानी बेहद मशहूर है।

## कप्तान शुभमन ने पंत समेत इन खिलाड़ियों पर फोड़ा हार का ठीकरा







मैच के बाद प्रजेंटेशन सेरेमनी में गिल ने कहा, 'मुझे लगता है कि यह शानदार टेस्ट मैच था। हमारे पास मौके थे, हमने कैच छोड़े और हमारे निचले क्रम ने पर्याप्त योगदान नहीं दिया, लेकिन टीम पर गर्व है और कुल मिलाकर एक अच्छा प्रयास है। भारत को लीड्स में खेले गए पहले टेस्ट में इंग्लैंड से पांच विकेट से शिकस्त झेलनी पड़ी। 371 रन के लक्ष्य को इंग्लिश टीम बेन डकेट के शतक और जैक क्राउली और जो रूट के अर्धशतक के दम पर पांच विकेट गंवाकर हासिल कर लिया। मैच के बाद भारतीय कप्तान शुभमन गिल ने हार का ठीकरा अपने खिलाड़ियों पर फोड़ा। पहले तो गिल ने अपने खिलाड़ियों की तारीफ की, लेकिन जैसे-जैसे आगे उनसे सवाल पूछे गए, वह गलतियां गिनाते गए। भारतीय कप्तान ने ऋषभ पंत समेत कैच छोड़ने वाले खिलाड़ियों को लपेटे में लिया। हालांकि, उन्होंने अपने गेंदबाजों की तारीफ की। उन्होंने रवींद्र जडेजा की सबसे ज्यादा तारीफ की।मैच के बाद प्रजेंटेशन सेरेमनी में गिल ने कहा, 'मुझे लगता है कि यह शानदार टेस्ट मैच था। हमारे पास मौके थे, हमने कैच छोड़े और हमारे निचले क्रम ने पर्याप्त योगदान नहीं दिया, लेकिन टीम पर गर्व है और कुल मिलाकर एक अच्छा प्रयास है। चौथे दिन हम सोच रहे थे कि हम लगभग 430 प्राप्त करने जा रहे हैं और पारी की घोषणा करेंगे। दुर्भाग्य से हमारे आखिरी छह विकेट केवल 20-25 रन के आसपास गिर गए, जो कभी भी अच्छा संकेत नहीं है। इंग्लैंड को जब दूसरी पारी में अच्छी ओपनिंग मिली, तब भी मुझे लगा कि हमारे पास मौका है, लेकिन इस मैच का नतीजा हमारे

## फिडे वर्ल्ड ब्लिट्ज में विश्व नंबर एक को हराने के लिए दिव्या ने बनाई थी



दिव्या ने कहा, 'मुझे पता था कि मुझे पूरी ताकत लगानी होगी। अगर विश्व चैंपियन के खिलाफ खेलने का विचार मेरे दिमाग में आता तो मैं भयभीत हो जाती।'भारतीय ग्रैंडमास्टर दिव्या देशमुख ने कहा है कि उन्हें फिडे वर्ल्ड ब्लिट्ज टीम शतरंज चैंपियनशिप में दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी होउ यिफान को हराने के लिए पूरीताकत लगानी पड़ी और उनकी इस उपलब्धि की प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी प्रशंसा की। दिव्या देशमुख ने 10 से 16 जून को लंदन में आयोजित फिडे वर्ल्ड ब्लिट्ज टीम चैंपियनशिप के सेमीफाइनल के दूसरे चरण में चीन की यिफान को हराया।दिव्या ने कहा, 'मुझे पता था कि मुझे पूरी ताकत लगानी होगी। अगर विश्व चैंपियन के खिलाफ खेलने का विचार मेरे दिमाग में आता तो मैं भयभीत हो जाती। इसलिए मुझे इस बात से कोई फर्क नहीं पड़ता कि मैं किसके खिलाफ खेल रही हूं, मैंने अपने खेल पर ध्यान केंद्रित किया और मुझे केवल इतना पता था कि मुझे बाजी जीतनी है।'नागपुर की 19 वर्षीय खिलाड़ी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के शब्द बहुत उत्साह बढ़ाने वाले और प्रेरित करने वाले थे तथा वह अपना सर्वश्रेष्ठ देने के लिए तत्पर रहेगी। पीएम मोदी ने 'एक्स' पर लिखा, 'लंदन में वर्ल्ड टीम ब्लिट्ज चैंपियनशिप के ब्लिट्ज सेमीफाइनल के दूसरे चरण में दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी होउ यिफान को हराने पर दिव्या देशमुख को बधाई।' उन्होंने लिखा, 'उनकी सफलता उनके सयंम और दृढ़ संकल्प को दर्शाती है। यह कई उभरते शतरंज खिलाड़ियों को भी प्रेरित करती है। उनके भविष्य के प्रयासों के लिए शुभकामनाएं।'बड़ी जीत दर्ज करने वाली दिव्या से जब प्रधानमंत्री द्वारा की गई प्रशंसा के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा, 'प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मेरे लिए जो लिखा, उससे मुझे बहुत प्रोत्साहन और प्रेरणा मिली। वह कई मौकों पर खिलाड़ियों को प्रेरित करते रहे हैं। मैं उन्हें गौरवान्वित करने और भविष्य में भारत के लिए कई और पदक जीतने की कोशिश करूंगी।' उन्होंने कहा, 'मैं ध्यान केंद्रित कर रही हूं और मेरी तैयारी अच्छी चल रही है। मैं अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करूंगी और भविष्य के टूर्नामेंटों में पदक जीतने की कोशिश करूंगी।'

## Swimming: रोहित के नाम राष्ट्रीय रिकॉर्ड

### तैराकी चैंपियनशिप की 100 मीटर बटरफ्लाई में सर्वश्रेष्ठ समय निकाला




इसके साथ ही रोहित ने 27 जुलाई से सिंगापुर में होने वाली विश्व चैंपियनशिप का 'बी' क्वालीफिकेशन स्तर भी हासिल कर लिया।तमिलनाडु के तैराक बी बेनेडिक्टन रोहित ने रविवार को यहां सीनियर राष्ट्रीय एक्वाटिक चैंपियनशिप के पहले दिन पुरुष 100 मीटर बटरफ्लाई स्पर्धा में सर्वश्रेष्ठ भारतीय समय निकाला। रोहित ने कलिंगा स्टेडियम के इंडोर एक्वाटिक सेंटर में 52.57 सेकेंड का समय लिया। उन्होंने इस प्रदर्शन के साथ एशियाई खेलों के पदक विजेता वीरधवल खाड़े के 2009 में बनाए 52.77 सेकेंड के सर्वश्रेष्ठ भारतीय समय में सुधार किया।

## यूरोप दौर का समापन किया



निर्धारित समय में कोई टीम गोल नहीं कर सकी थी जिसके बाद फैसला पेनल्टी शूटआउट के जरिये हुआ जिसमें भारतीय टीम को हार मिली।भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम को अपने यूरोप दौरे के अंतिम मैच में मेजबान नीदरलैंड से 2-3 से शूटआउट में हार का सामना करना पड़ा। निर्धारित समय में कोई टीम गोल नहीं कर सकी थी। लगातार चार जीत (तीन बेल्जियम के खिलाफ और एक ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ) के साथ मैच में उतरी भारतीय टीम ने तकनीकी रूप से मजबूत डच टीम के खिलाफ धैर्य और संयम का परिचय दिया, जो एक कड़े मुकाबले में बदल गया। दोनों टीमों ने चार क्वार्टर में कई गोल करने के अवसर बनाए, लेकिन दोनों छोर पर अनुशासित बचाव और प्रभावशाली गोलकीपिंग की बदौलत कोई भी पक्ष गतिरोध को नहीं तोड़ सका। मैच शूटआउट तक पहुंचा, जहां लालरिनपुई और प्रियंका यादव ने भारत के लिए अपने मौके बनाए। हालांकि, नीदरलैंड्स ने इमे डे लीउ, रूस अल्केमाडे और लोटे रस्ट के सफल हमलों से बढ़त हासिल कर ली। यूरोपीय दौरा दिसंबर में होने वाले महिला जूनियर विश्वकप की तैयारी का हिस्सा था।निर्धारित समय में कोई टीम गोल नहीं कर सकी थी जिसके बाद फैसला पेनल्टी शूटआउट के जरिये हुआ जिसमें भारतीय टीम को हार मिली। भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम को अपने यूरोप दौरे के अंतिम मैच में मेजबान नीदरलैंड से 2-3 से शूटआउट में हार का सामना करना पड़ा। निर्धारित समय में कोई टीम गोल नहीं कर सकी थी।